# पर्यटन, MSME और हॉस्पिटैलिटी में निवेश करेंगे कनाडा के उद्यमी

## कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात में रखा प्रस्ताव, योगी बोले- हरसंभव मदद होगी



NBT रिपोर्ट, लखनऊ

कनाडा के उद्यमी यूपी में एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करेंगे। रविवार को कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान इसकी कार्ययोजना रखी। सीएम ने उन्हें अयोध्या में रामलला, काशी में काशी विश्वनाथ धाम और प्रयागराज के भ्रमण के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि निवेशकों को सरकार हरसंभव सहयोग करेगी।

योगी ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी की उपलब्धियों, विकास एवं निवेश की संभावनाओं के बारे में विस्तार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज यूपी के बाजार से चीन के उत्पाद गायब हो गए हैं। सरकार सभी 96 लाख एमएसएमई यूनिटों को सपोर्ट कर रही है और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है। इनके जरिए ढाई करोड़ परिवार की आजीविका जुड़ी है। एक जिला-एक उत्पाद के माध्यम से ब्रांडिंग करवाई गई है।

संभावनाओं का प्रदेश है। यहां सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश की बेहतर स्थिति है। पॉलिसीगत मदद के साथ ही पर्याप्त जल संसाधन व जमीन उपलब्ध है। सीएम ने लखनऊ में बनने जा रही एआई सिटी का भी जिक्र कर उद्यमियों को यहां की संभावनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न के एक्सपोर्ट के लिए भी कनाडा व अन्य देशों में योगदान दे सकते हैं।

### 'यूपी के धार्मिक स्थल दिखाएंगे'

कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष और चेयरमैन नरेश कुमार चावड़ा ने बताया कि कनाडा में प्रत्येक वर्ष 'इन्वेस्ट इंडिया-इन्वेस्ट कनाडा' का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस वर्ष 2026 में यह आयोजन तीन बार किया जाएगा। इसमें से दो आयोजन यूपी केंद्रित होंगे। एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उनकी टीम यूपी में काम करेगी। जुलाई-अगस्त और दिसंबर-जनवरी में प्रवासी भारतीयों के उन बच्चों को, जिनका जन्म कनाडा में हुआ है, उन्हें यूपी लाकर धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाएंगे। साथ ही यूपी में 50 बेड का हॉस्पिटल और सीनियर सिटिजन होम्स की भी स्थापना करेंगे।